तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 कुष्ठ खोज अभियान का जायजा लेने पहुंची ...



13 सिमगा में नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली पद ...



CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%



हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन 10 जुलाई 2026
कूपन नं. 7

B.M. COLLEGE
BCA BBA PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीति का कांग्रेस ने किया विरोध, पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को बस स्टैंड पलारी में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस का आंदोलन और अधिक व्यापक किया जाएगा।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि गरीबों पर अत्याचार, महंगाई और किसानों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

## महंगाई और खाद-बीज संकट के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



### गरीबों के घर तोड़े जाने के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने नकटी में बरसात के दौरान गरीब परिवारों के घरों को अमानवीय तरीके से तोड़े जाने, बढ़ती महंगाई, बिजली बिल में वृद्धि तथा किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध नहीं होने के मुद्दे उठाते हुए सरकार पर जनता की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान और आम जनता के हितों की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। बरसात के मौसम में गरीबों के आशियाने तोड़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

कांग्रेस जनता के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी।

प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सरकार से जनहित के मुद्दों पर तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की। पुतला दहन करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे, अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष पीतांबर साहू मंडल, अध्यक्ष मनीष चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि झड़ी राम कन्नौजे, जिला उपाध्यक्ष शशिकांत वर्मा, उपाध्यक्ष मेघनाथ यादव, सनत वर्मा, बिशेशर ▶▶ शेष पेज 12 पर

## अनदेखी : बारिश में शौचालय में भरा पानी, जर्जर भवन में पढ़ाई को मजबूर बच्चे

# स्कूल प्रांगण तालाब में तब्दील, छात्रों की बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





जिले की कई स्कूलें आज भी अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। बारिश के दौरान भटगांव अंचल के जोरा पंचायत में स्थित मौहारभांठा के प्राथमिक स्कूल में बने शौचालय में बारिश से जलभराव की स्थिति बन गई। ऐसी स्थिति में छात्रों को शौचालय आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार पलारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खपरी के आश्रित गांव तमोरी का स्कूल भवन जर्जर हो गया है। उसके बावजूद छात्र-छात्राएं इस जोखिम भरी स्थिति में वहां पढ़ने मजबूर है। ग्रामीण इन मूलभूत समस्याओं को लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं, बावजूद अब तक कोई सुधार नहीं दिखायी दे रहा है।

ग्राम पंचायत जोरा में स्थित मौहारभांठा प्राथमिक शाला के प्रांगण व शौचालय में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई हैं। पानी किसी तालाब से कम नहीं लग रहा है। पिछले चार दिनों से हुई बारिश ने बच्चों के जान जोखिम में डाल दिए है। पढ़ाई करने के लिए बच्चे जद्दो जहद कर रहे हैं। शाला परिसर में भरी पानी में सर्प और बिच्छू जैसे विषैले जीव जंतु निकल रहें हैं। स्थाई पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बड़े हादसे होने के सम्भावना बने हुए है। स्कूल के प्रधान पाठक व छात्रों ने बताया कि यह हालात बरसात के समय ही पैदा होती है. पिछले बरसात में भी यही हालात बनी थी । प्रधान पाठक ने आगे बताया कि इस संबंध में ग्राम सरपंच से लेकर उनके विभाग के उच्चाधिकारी को भी सूचना दे दी गई है। हालांकि सरपंच ▶▶ शेष पेज 12 पर

### स्कूल भवन जर्जर, छात्रों को पढ़ाई करना जोखिम भरा





**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खपरी के आश्रित ग्राम तमोरी में शिक्षा व्यवस्था बदहाली की ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो सरकारी दावों पर सवाल खड़े करती है। गांव का प्राथमिक स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर होने के कारण वहां पढ़ाई कराना जोखिम भरा हो गया है। हालात ऐसे हैं कि शिक्षक और बच्चे भवन के भीतर बैठने से भी डरते हैं। मजबूरी में प्राथमिक स्कूल की कक्षाएं आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित की जा रही हैं। बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ गया है तथा पालकों को हर दिन इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। ग्रामीणों ने बताया कि नए स्कूल भवन की मांग को लेकर कई बार सुशासन शिविर में आवेदन दिए गए। जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि विद्यालय भवन इतना कमजोर हो चुका है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार संबंधित अधिकारियों से नए भवन की मांग की गई, लेकिन इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई गई। ▶▶ शेष पेज 12 पर

## बारनवापारा अभ्यारण्य में हिरण की 3 मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य में एक हिरण की संदेहास्पद मौत का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। जहां बार नवापारा के रामपुर चारागाह कक्ष क्र.127 में एक हिरण की मौत हो गई है। संभवतः आवारा कुत्तों के हमले से हिरण की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची, परंतु खबर लिखने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस कारण से हिरण की मौत हुई है। अब पोस्टमार्टम के बाद ही हिरण के मौत का कारण पता चल पाएगा। बताते चलें कि कल भी इसी स्थान पर 2 हिरणों की ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** पार्किंग से बाइक चोरी कर ले जाने वाले एक बाइक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो बाइक जब्त की है। बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश, रीवा निवासी निरमलेश तिलारी को अमलीडीह से गिरफ्तार किया है। सौरभ सिंह ठाकुर ने राजेंद्र नगर थाना में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया था कि दो जुलाई को उसने अपनी बाइक अपने मकान के नीचे बनी पार्किंग में पार्क की थी। सुबह पार्किंग से बाइक गायब थी।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर, कुकुरबेड़ा ओवरब्रिज के नीचे गांजा बेचते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने दो किलो ग्राम से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने हरीश सेंद्रे को गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस ने पाइंटर भेज कर गांजा बेचते पकड़ा है। बोरी में छिपाकर आरोपी गांजा बेच रहा था।

### प्राध्यापक करेंगे राष्ट्रीय सेवा योजना की मॉनिटरिंग

**रायपुर।** प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में 29 अंशकालीन जिला संगठकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित प्राध्यापकों व व्याख्याताओं को उनके वर्तमान शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ आगामी 2 वर्षों के लिए जिला संगठक की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूची में राज्य के सभी प्रमुख जिलों और अंचलों को शामिल किया गया है। सभी नवनियुक्त जिला संगठकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के कलेक्टर से तत्काल संपर्क स्थापित कर 'जिला स्तरीय सलाहकार समिति' का गठन सुनिश्चित करें और नियमानुसार बैठकों का आयोजन करें।


### सीएम हेल्पलाइन से दिव्यांग को मिली बैटरी चलित ट्राइसाइकिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से अब दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकल भी मिलने लगी है। विकासखंड आरंग के ग्राम गोरभाठा निवासी दिव्यांग छन्नूराम यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत की थी। इस शिकायत पर 24 घंटे के भीतर छन्नूराम को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

## सुदर्शन रेस्टोरेंट को नोटिस खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई

- साफ-सफाई व खाद्य मानकों में अनियमितता मिलने पर जारी हुआ नोटिस

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों की गुणवत्ता जांच अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को बलौदाबाजार और टुण्डरा क्षेत्र में



निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन परखा गया। अभिहित अधिकारी अक्षय सोनी ने बताया कि रायपुर रोड ▶▶ शेष पेज 12 पर

## ट्रांसफार्मर के करंट से गाय और भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर पंचायत के वार्ड 13 शराब भट्टी से लगभग 30 फीट की दूरी पर स्थित खुले ट्रांसफार्मर में करंट प्रवाहित होने से एक गाय एवं एक भैंस की मौत हो गई। मृत भैंस के मालिक जितेंद्र उर्फ लक्की यादव, पिता जनक राम यादव, निवासी वार्ड क्रमांक 11, कृष्णा नगर, नगर पंचायत खरोरा है। घटना के बाद स्थानीय वार्डवासियों एवं पीड़ित पक्ष में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर लंबे समय से खुले एवं असुरक्षित हालत में था, जिससे



आमजन, मवेशियों और आसपास के रहवासियों की जान को लगातार खतरा बना हुआ था। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा थाना खरोरा, विद्युत विभाग, तहसीलदार तिल्दा-नेवरा, एसडीएम तिल्दा-नेवरा तथा कलेक्टर रायपुर को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित पशुपालक को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। पीड़ित पक्ष ने यह भी मांग की है कि राजस्व विभाग एवं विद्युत विभाग की संयुक्त जांच कराकर प्रतिवेदन तैयार किया ▶▶ शेष पेज 12 पर

## बाइक स्टंट का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



- आरोपी रिंकू वर्मा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

सड़कों पर खतरनाक तरीके से बाइक लहराकर स्टंट करने और इसका विरोध करने पर धारदार हथियार से डराने-धमकाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम देवरी में स्टंटबाजी का विरोध करने पर एक युवक से मारपीट और गाली-गलौज करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

शिकायतकर्ता सीताराम निषाद 23 वर्ष निवासी ग्राम देवरी ने भाटापारा ग्रामीण थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने दोस्तों सुरेन्द्र निषाद और सहदेव निषाद के साथ बाइक से भाटापारा से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के दामादपारा में बरगद पेड़ के पास गांव का ही निवासी देवेंद्र उर्फ रिंकू वर्मा अपनी बाइक से खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए और गाड़ी लहराते हुए आ रहा था।



जब सीताराम ने उसे इस तरह से गाड़ी चलाने से मना किया, तो आरोपी रिंकू वर्मा आक्रोशित हो गया। उसने मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने पास रखा धारदार चाकू निकालकर लहराते हुए डराने ▶▶ शेष पेज 12 पर

### पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा की चेतावनी

सड़कों पर खतरनाक तरीके से बाइक स्टंट कर आम जनता की जान जोखिम में डालने वालों और छोटी-छोटी बातों पर हथियार चमकाकर गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### बीएनएस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज, चाकू जप्त

प्रार्थी की रिपोर्ट पर भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और विवेचना में लिया। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू विधिवत जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## बिना काम कराए पहली किस्त निकालने का मामला आया सामने

# बार आदिवासी कन्या आश्रम में 3.15 लाख के गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल









जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बार में आदिवासी कन्या आश्रम के मैदान समतलीकरण कार्य को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा स्वीकृत 7.88 लाख रुपये की योजना में बिना कार्य शुरू किए ही 3.15 लाख की पहली किस्त आहरित कर ली गई।

जानकारी के अनुसार आदिवासी कन्या आश्रम परिसर में छात्राओं के खेल मैदान के समतलीकरण के लिए कुल 7.88 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। आरोप है कि कार्य शुरू होने से पहले ही पंचायत द्वारा 3.15 लाख रुपये बैंक से निकाल लिए गए, जबकि मौके पर अब तक मैदान समतलीकरण का कार्य दिखाई नहीं देता।

ग्रामीणों का कहना है कि आश्रम परिसर में पहले से ही समतल मैदान मौजूद है और बड़े पैमाने पर समतलीकरण की आवश्यकता भी नहीं थी। इसके बावजूद लाखों की स्वीकृति और राशि निकासी कई सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने सरपंच एवं सचिव पर शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध धोखाधड़ी और गबन की धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्रवाई करते हुए पद से पृथक करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा संबंधित तकनीकी अधिकारियों एवं इंजीनियरों की भूमिका की भी जांच कर शासकीय राशि की ब्याज सहित वसूली की जाए।

### कार्रवाई होगी

मैं उक्त मामले की जानकारी प्राप्त करवाता हूं। यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।"

**-कमलेश साहू,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कसडोल

### कार्य शुरू क्यों नहीं हुआ

योजना की राशि आहरित होने के बाद कार्य किया जाता है, लेकिन अब तक कार्य क्यों शुरू नहीं हुआ, यह जांच का विषय है।

**-दुष्यंत ऑडिल,** सब इंजीनियर, जनपद पंचायत कसडोल

## खबर संक्षेप

### रामगोपाल की गिरफ्तारी भाजपा का राजनैतिक साजिश

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की एसीबी-ईओडब्लू में हुई गिरफ्तारी को कांग्रेस ने भाजपा की राजनैतिक साजिश करार दिया है। कांग्रेस



संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव के समय से ही भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षडयंत्र कर रही है। पहले केंद्रीय फिर राज्य की जांच एजेंसियों को इस लगाया गया है। केंद्र की भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिए झूठे मुकदमे दर्ज कर कांग्रेस की छवि खराब करती रही। जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियों के जरिए कुछ हासिल नहीं हुआ उसकी जांच ईओडब्लू से कराई जा रही है। शुक्ला ने कहा कि यह मामला न्यायालय में नहीं टिकेगा। पूरी मजबूती के साथ इस षडयंत्र के खिलाफ कानूनी और लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले एनएचएम कर्मचारी



**रायपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महासम्मेलन में की गई घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु आदेश जारी करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने ग्रेड पे समिति के गठन, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, नई मानव संसाधन नीति, स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति, कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने की घोषणा की थी। इन घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से प्रदेश के 18 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। संघ ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्तर पर आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर आदेश जारी किए जाएँ, ताकि कर्मचारियों को घोषणाओं का लाभ जल्द प्राप्त हो सके।

### स्टाइपेंड वृद्धि के लिए हेल्थ सेक्रेटरी अमित कटारिया से मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस इंटर्न्स, पीजी एवं बॉन्डेड डॉक्टरों के स्टाइपेंड (मानदेय) में वृद्धि करने की मांग के साथ आईएमए एमएसएन के कन्वेनर शाहदिल खुसरू के नेतृत्व में एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में जॉइंट सेक्रेटरी देवेंद्र निराला, पीयूष सिंह, रविशंकर सिंह, पीयूष साहू, प्रांजल शुक्ला एवं शुभ शर्मा उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान चिकित्सा छात्रों ने स्वास्थ्य सचिव को स्टाइपेंड वृद्धि से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में डॉक्टरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायकों से नटकी में आवास ना लेने अनुरोध करेगी आप

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी नकटी गांव में हुई कार्रवाई के विरोध में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत 8 जुलाई को प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति-पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी प्रदेश पदाधिकारियों सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। पार्टी ने कहा, इस अभियान के माध्यम से यह स्पष्ट हो सकेगा कि कौन विधायक गरीबों के साथ खड़ा है और कौन सत्ता के साथ है।

# कुष्ठ खोज अभियान का जायजा लेने पहुंची केंद्रीय टीम

## तेंदुआ में जमीनी कार्यों को देख स्वास्थ्य विभाग की थपथपाई पीठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले में संचालित सघन कुष्ठ खोज अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा एवं गुणवत्ता का आकलन करने केंद्रीय टीम ने विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अभियान के अंतर्गत किए गए घर-घर सर्वेक्षण, हाउस मार्किंग, संदिग्ध मरीजों के चिन्हांकन तथा ग्रामीणों से संवाद कर मैदानी कार्यों का गहन सत्यापन किया। केंद्रीय टीम ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए तथा भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यशैली के साथ अभियान संचालित करने की अपेक्षा व्यक्त की। टीम ने कहा कि समय पर पहचान एवं उपचार के माध्यम से कुष्ठ रोग को नियंत्रित करने में ऐसे अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जनसहभागिता के साथ इनका सफल क्रियान्वयन आवश्यक है। केंद्रीय टीम ने अभियान की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य अमले द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि बिलाईगढ़ में सघन कुष्ठ खोज अभियान का संचालन योजनाबद्ध एवं प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। बेहतर समन्वय तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम की प्रशंसा की।



**ये रहे मौजूद**
निरीक्षण के दौरान केंद्रीय दल के सदस्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बालाजी एवं सहायक निदेशक, एपिडेमियोलॉजी डॉ. किरण स्वपनिल अखाड़े उपस्थित रहीं। इनके अलावा इस टीम में जिला कुष्ठ अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कुष्ठ सलाहकार, ब्लॉक नोडल अधिकारी, लेप्रोसी सलाहकार, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ (पुरुष एवं महिला), मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## प्राथमिक शाला का मर्ज रद्द कर अनुदान बहाल करने की ग्रामीणों ने की मांग

# एक किमी दूर स्थित स्कूल में प्राथमिक शाला को किया मर्ज, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकास खंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया में बच्चों को अच्छी गुणवत्ता एवं शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए के लिए प्रदेशभर में लगभग 10463 स्कूलों को युक्तियुक्तकरण कर पिछले वर्ष 21 जून को शालाओं उच्च विद्यालय में मर्ज किया। जारी आदेश के सरल क्रमांक 114 के अनुसार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में, शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया डाईस कोड 22241008303 को मर्ज कर दिया।



विदित हो कि शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया, हायर सेकंडरी स्कूल खम्हरिया से एक किलोमीटर दूर में संचालित हो रही है, जिसकी स्थापना सन 1954 में हुई। आर के साहू प्रधान पाठक ने बताया कि यहां की दर्ज संख्या 43 है एवं शिक्षकों की संख्या 3 है। मर्ज को आधार मानकर एक शिक्षक का भी अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया और सत्र 2025-26 में मिलने वाली अनुदान राशि भी रोक दी गई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी 2025 एवं मार्च 26 में जानकारी देकर मर्ज को समाप्त कर अनुदान राशि की मांग की है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने मौखिक चर्चा करने पर बताया कि गांव से एक किलोमीटर दूर स्थित हायर सेकंडरी स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए कैसे भेजें। हायर सेकंडरी स्कूल के कैंपस के अंदर शासकीय प्राथमिक शाला भाठा खम्हरिया डाईड कोड 22241008301 संचालित हो रही है, जिसे हायर सेकंडरी स्कूल में मर्ज नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी की लापरवाही उजागर होती है। मर्ज को समाप्त करने के लिए एस एस सी के पदाधिकारियों द्वारा माह जुलाई 2025 में जिला अधिकारी को भी लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि अविलंब छोटे बच्चों को होने वाली समस्या पर ध्यान देते हुए मर्ज को निरस्त कर एवं विद्यालय को प्राप्त होने वाली अनुदान राशि को भेजने की अनुसंशा करें। अतः समस्याओं को त्वरित निराकरण करने की शासन प्रशासन से मांग की है।

# सुशासन तिहार में जिले के 859 हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में सुशासन तिहार 2026 से जिले के 859 हितग्राहियों को राशनकार्ड का त्वरित लाभ मिला है। इससे हितग्राहियों के राशन से जुड़ी समस्या का तत्काल निराकरण हुआ है और घर में राशन आने से परिवार का कुशल भरण पोषण हुआ है।

खाद्य विभाग जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में नागरिकों द्वारा मांग प्रस्तुत किया जिसमें विकासखंड सारंगढ़ में 55 हितग्राहियों का नया राशनकार्ड बनाया गया, 86 राशनकार्ड में नाम जोड़ा गया एवं 92 सदस्यों का नाम विलोपित किया गया। इसी प्रकार विकासखंड बरमकेला में 88 हितग्राहियों का नया राशनकार्ड बनाया गया, 39 राशनकार्ड में नाम जोड़ा गया एवं 71 सदस्यों का नाम विलोपित किया गया। इसी प्रकार विकासखंड बिलाईगढ़ में 200 हितग्राहियों का नया राशनकार्ड बनाया गया, वहीं राशनकार्ड में 105 नाम जोड़ा गया एवं 123 सदस्यों का नाम विलोपित किया गया।

# विद्यार्थियों को मिला संस्कार और शिक्षा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संचालित नगर के विभिन्न संस्कार केंद्रों का दर्शन कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संस्कार केंद्र संयोजक (राजस्थान) रामस्वरूप शर्मा थे। विशिष्ट अतिथियों में अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं नशा मुक्ति प्रदेश प्रभारी वेदराम मनहरे, प्रांतीय संस्कार केंद्र प्रमुख चन्द्रकुमार डडसेना, वार्ड क्रमांक-11 के पार्षद पंचराम यादव, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा तथा शासकीय शिक्षक प्रकाश गिलहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा की प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने की।

इस अवसर पर अतिथियों ने संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत सभी छात्रों को नवीन शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि संस्कार केंद्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं उत्तम संस्कारों का भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। केंद्रों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की सभी अतिथियों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

### विजय शंकर को जिला न्यायालय से जमानत

**बलौदाबाजार।** कसडोल थाना क्षेत्र के बहुचर्चित प्रकरण में आरोपी बनाए गए विजय शंकर तिवारी को जिला एवं सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। प्रथम सत्र न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत आवेदन स्वीकार करते हुए रिहाई का आदेश पारित किया। उल्लेखनीय है कि कसडोल पुलिस ने 28 जून को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए विजय शंकर तिवारी सहित पांच लोगों को आरोपी बनाया था। प्रारंभिक स्तर पर कसडोल न्यायालय में जमानत आवेदन निरस्त होने के बाद जिला एवं सत्र न्यायालय में पुनः आवेदन प्रस्तुत किया गया। विजय शंकर तिवारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीशचंद श्रीवास्तव ने प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि प्रकरण में उनके



मुवक्किल की भूमिका का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विजय शंकर तिवारी एक पत्रकार हैं और उन्होंने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर समाचार का प्रकाशन किया था। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर न्यायिक दृष्टि से विचार किया जाना आवश्यक है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रथम सत्र न्यायालय ने विजय शंकर को जमानत प्रदान कर दी।गौरतलब है कि इस प्रकरण को लेकर बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने हाल ही में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच, तिवारी के विरुद्ध की गई कार्रवाई की स्वतंत्र समीक्षा तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग भी की है।

# ग्रामीण शिक्षा को मजबूती देने संयंत्र की पहल तीन प्राथमिक विद्यालयों को मिले टेबल-बेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजा

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के कुकुरदी सीमेंट संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ने ग्रामीण शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में पहल करते हुए सेम्हराडीह, उनढनी और करमनडीह के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए टेबल-बेंच उपलब्ध करायी गई। यह पहल इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के निर्देशन एवं एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में की गई।

सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान संबंधित विद्यालयों के सरपंच, प्रधान पाठक, शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सेम्हराडीह में सरपंच प्रमीला जितेंद्र वर्मा, करमनडीह में शिक्षिका कुंतला देवी साहू व रजनी कन्नौजे तथा उनढनी में सरपंच प्रतिनिधि रंजीत ध्रुव एवं प्रधान पाठक संजय जांगड़े सहित विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को टेबल-बेंच वितरित किए।

अल्ट्राटेक सीएसआर का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधाजनक शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता और विद्यालय में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार हो सके। टेबल-बेंच मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया।





शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने अल्ट्राटेक प्रबंधन की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा, अनवेशा पाणिग्रही, मेघा पटनायक, दयाराम वर्मा, परमेश्वर साहू एवं संयंत्र प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## पेज 11 के शेष

### प्रदेश सरकार की ...

वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ऋषि साहू, गुलाब यदु, दिव्या साहू, रूखमणी, तेहरवंश राम, स्वरूप वर्मा, तोमन चंद्राकर, प्रतापपुरी तरुण, नीलकमल, आजाद वर्मा गोस्वामी पूर्व पार्षद गोल्डी मरैय्या पार्षद कुमार धीवर नेमसिंग बांधे नारायण धीवर घनश्याम धीरहे पुनीत निषाद साधराम साहू पूर्व ऐल्डरमेन शेरखान सुमित निराला निलेश वर्मा इंद्रकुमार वर्मा महेश्वर चंद्राकर चेतन कन्नोजे काशी घृतलहरे दिलीप सेन सेवा राम निषाद ईश्वर चंद्रवंशी घनश्याम वर्मा युवा कांग्रेस नेता हर्षु वर्मा हेमंत वर्मा अंशु साव शिवम मिश्रा भोलू बंजारे सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

### स्कूल प्रांगण तालाब ...

प्रतिनिधि का भी कहना है की स्कूल के हालात देखकर वे मौके पे पहुंचे और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन कोशिश नाकाम रही। ब्लॉक शिक्षाधिकारी उन्हें बाद में बात करने का हवाला दिया। हमारे प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा विभाग इस समस्या को नहीं सुलझा सकते तो उन्हें बता दें, जिससे कि पंचायत द्वारा अन्य कुछ व्यवस्था बनाकर पानी को बाहर निकाल सकें। ऐसे में बड़ा सवाल भी उठना लाजमी है कि इस हालत के जिम्मेदार कौन है? यहां पढ़ने वाले बच्चों के साथ यदि बड़ा हादसा हो जाता तो जिम्मेदार कौन लेगा। बहरहाल स्कूल प्रांगण और शौचालय में भरे पानी को बाहर निकालने के लिए स्थाई पानी निकासी की व्यवस्था करना अति जरूरी है, अन्यथा कभी भी गंभीर समस्या बन सकती है।

### स्कूल भवन जर्जर...

उन्होंने कहा कि जिन अभिभावकों के पास आर्थिक संसाधन हैं, वे अपने बच्चों को दूसरे गांव के स्कूलों में पढ़ने भेज रहे हैं, जबकि गरीब परिवारों के बच्चे मजबूरी में गांव की इसी व्यवस्था पर निर्भर हैं। ग्राम पंचायत खपरी के सरपंच संदीप कुमार बंजारे ने बताया कि उन्होंने सुशासन शिविर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा मंत्री तक कई बार ज्ञापन सौंपकर नए भवन की मांग की है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**40 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित:** गांव में प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र मिलाकर कुल 40 बच्चे हैं। इनकी पढ़ाई और देखरेख की जिम्मेदारी एक शिक्षक, एक शिक्षिका तथा एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के भरोसे है। सीमित जगह में दोनों संस्थाओं का संचालन होने से बच्चों की पढ़ाई, खेलकूद और आंगनबाड़ी की गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण बच्चों को बैठने तक में परेशानी होती है, वहीं शिक्षकों को भी शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**खस्ताहाल स्कूल भवन बना खतरा:** ग्रामीणों के अनुसार प्राथमिक स्कूल का भवन वर्षों से जर्जर अवस्था में है। दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और छत भी कमजोर हो गई है। इसी कारण बच्चों को उस भवन में बैठाना सुरक्षित नहीं माना गया और स्कूल को आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानांतरित करना पड़ा। इसके बावजूद नए भवन के निर्माण की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

### बारनवापारा अभ्यारण्य में...

मौत हुई थी। वन विभाग का कहना है आपसी लड़ाई में दोनों हिरणों की जान चली गई थी। जिसे पोस्टमार्टम करने के बाद शव का विधिवत अंतिम संस्कार कर दिया गया। ऐसे में वन विभाग के आला अधिकारी और कर्मचारियों के कार्यशैली पर यह बड़ा सवाल उठता है कि लगातार दो दिनों में 3 हिरणों की मौत हो गई है।ऐसे में आए दिन स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे काला हिरण के प्रजातियों को भी आवारा कुत्तों से खतरा हो सकता है। जिस कार्य के लिए उन कर्मचारियों और अधिकारियों को ये जिम्मेदारी सौंपा गया है। अगर वह अपनी दायित्वों को ईमानदारी से निभा पा रहे होते तो शायद यह घटनाएं आज नहीं होती। और वन्यप्राणी सुरक्षित महसूस करते। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विभाग को सतर्कता और जिम्मेदारी पूर्वक ड्यूटी करने की आवश्यकता है।

बार नवापारा अभ्यारण्य रेंजर रूपेश्वरी दीवान से मोबाईल से संपर्क करने पर बताया गया है कि इस हिरण को हिंसक जानकर मारने से इसकी मौत हुई। आज मुझे सुबह जानकारी मिली हैं और 7 जुलाई दो हिरण आपस में लड़ाई झगड़ा में मृत्यु हुई हैं जिसमा पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कराया गया हैं।

### ट्रांसफार्मर के करंट...

जाए। उनका कहना है कि यह केवल पशुहानि का मामला नहीं, बल्कि जनसुरक्षा से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। यदि खुले ट्रांसफार्मरों की समय पर मरम्मत और सुरक्षा नहीं की गई, तो भविष्य में किसी बड़ी जनहानि से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में खरोरा विद्युत विभाग के अधिकारी जेई वर्मा ने कहा कि शासन के नियमानुसार मुआवजा के लिए विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। इस संबंध में वार्ड के पार्षद पंचराम यादव ने कहा कि खुले हुए ट्रांसफार्मर को तुरंत दुरस्त किया जाए, ताकि भविष्य में और किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना न रहे।

### बाइक स्टंट का...

लगा। इसके बाद आरोपी ने प्रार्थी के साथ हाथ-मुक्के से जमकर मारपीट की, जिससे सीताराम के दाहिने हाथ, कमर, पीठ और गाल पर चोटें आईं। मौके पर मौजूद शिवा निषाद, शंकर निषाद, संतराम निषाद, गोपाल निषाद ने बीच-बचाव कर प्रार्थी की जान बचाई।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रकरण के आरोपी देवेंद्र उर्फ रिंकू वर्मा 22 वर्ष पिता गंगाराम वर्मा, निवासी ग्राम देवरी को 9 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को जेएमएफसी न्यायालय भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है।

### सुदर्शन रेस्टोरेंट को ...

स्थित सुदर्शन रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों को अलग-अलग नहीं रखा जाना, परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं होना तथा फूड हैंडलर्स के स्वास्थ्य परीक्षण का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया जाना पाया गया। इन अनियमितताओं पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस जारी किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं टुण्डरा स्थित हरिशंकर किराना बिना वैध खाद्य पंजीयन के संचालित पाया गया। यहां से आटा एवं खाद्य तेल के वैधानिक नमूने जांच के लिए लिए गए तथा बिना खाद्य पंजीयन के कारोबार करने का प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबारियों से निर्धारित मानकों का पालन करने तथा स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह का सालाना उर्स पाक कल

नर्रा। नर्रा शरीफ में हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशाह (र.अ.) पानीपत का सालाना उर्स पाक 11 जुलाई 2026 शनिवार को बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उर्स के मुबारक मौके पर दोपहर बाद नमाज़-ए-असर (लगभग शाम 4:30 बजे) गांव में एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस नर्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए मजार शरीफ पहुंचेगा। मजार परिसर में पहुंचकर पूरी अकीदत के साथ परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। इसके बाद बारगाह-ए-शाहिदी में संदल शरीफ पेश कर चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी और मुल्क की अमन, चैन व तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी जाएंगी।

### जीवन ज्योति बीमा योजना से परिवार को मिली 2 लाख की बीमा राशि

**महासमुंद**। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना द्वारा समय पर प्रदान की गई आर्थिक सहायता परिवार के लिए कठिन समय में आर्थिक संबल सिद्ध हुई तथा दैनिक आवश्यकताओं एवं अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में सहायक बनी। घोड़ारी निवासी स्वर्गीय सतरूपा चक्रधारी के निधन उपरांत उनके नामित उत्तराधिकारी पवन चक्रधारी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 02 लाख रुपए की बीमा राशि बैंक ऑफ बड़ौदा, मेन ब्रांच, महासमुंद के माध्यम से आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की गई। उक्त बीमा राशि का दावा स्वीकृत कराने एवं लाभ परिवार तक पहुंचाने में जिला अग्रणी बैंक महासमुंद के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मेहर, बैंक ऑफ बड़ौदा मेन ब्रांच महासमुंद के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार साव, बैंक अधिकारी अभिषेक भारती तथा एफएलसी के ओमप्रकाश पटेल का सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।

### माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई

**रायपुर**। युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने तथा शैक्षणिक संस्थानों और प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस कॉन्फ्रेंस हॉल में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में माय भारत जिला समन्वय समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी, जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष (एचओडी) तथा प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिकतम युवाओं को माय भारत से जोड़कर उन्हें माय भारत यूथ वॉलंटियर्स के रूप में पंजीकृत करना तथा राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष फोकस युवाओं पर है ।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में लगा स्वास्थ्य शिविर, मरीजों की एक्स-रे हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर एवं हैंडहेल्ड एक्स-रे जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का संचालन प्रभारी बीपीएम लकेश्वर सिंह बघेल एवं टीबी सुपरवाइजर आकाश कुमार सिदार के समन्वय में किया गया। शिविर में बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांचों के साथ 130 लोगों का हैंडहेल्ड एक्स-रे किया गया, जिसमें 8 मरीज टीबी संदिग्ध पाए गए। सभी संदिग्ध मरीजों की आगे की जांच एवं उपचार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## 130 लोगों का हैंडहेल्ड एक्स-रे किया उनमें 8 मरीज टीबी संदिग्ध पाए गए



### टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की अपील

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की।

शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर दिलहरण सिंह सिदार, आरएचओ विजय कुमार बंजारे, गीता बंजारे, घनश्याम जायसवाल, चंद्रकला जायसवाल, पुरुषोत्तम बघेल, प्रकाश बंजारे, पुष्पा चंद्रा, पुष्पा यादव (सीएचओ), रोशन साहू, धनेश्वरी, रेडियोग्राफर ममता सोनवानी, टीबी मितान संदीप देवांगन, त्रिलोचन निषाद, एमटी उत्तरा देवी कुर्रे, बीसी सीमा यादव तथा मितानिन राजकुमारी यादव, शीतल टंडन, सुष्मिता सोनवानी, मालती आदित्य, कमला केवट, मधुलता साहू, कांति पटेल, राधा आदित्य, समीन खान, सावित्री देवी साहू एवं भुनेश्वरी साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता की समस्याओं का समाधान ही एल्डरमेन की प्राथमिक जिम्मेदारी: शिवरतन

# सिमगा में नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगर के सांस्कृतिक भवन में गुरूवार को आयोजित समारोह में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में नवनियुक्त पांच एल्डरमेन को एसडीएम अतुल शेटे ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने नवनियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास में एल्डरमेनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह पद केवल उनका अधिकार नहीं है, बल्कि जनता के प्रति दायित्व है कि उनकी मूलभुत समस्याओं को हल कराना है। उन्होंने सभी नव नियुक्त एल्डरमेन को बिना किसी भेदभाव के नगर विकास में सहभागिता निभाने की बात कही। समारोह को आनंद यादव भाजपा जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि एल्डरमैन जनता और पालिका के बीच सेतु का कार्य करता है। मुझे विश्वास है कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का कार्य करेंगे। आप सभी पालिका के प्रतिनिधि मिलकर नगर विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शपथ ग्रहण की औपचारिक प्रक्रिया के दौरान सभी पांचों नवनियुक्त एल्डरमेनो जिसमें अभिजीत अवस्थी, रूख्मणी साहू, राजेश सिंह, परस पाटकर, एवं प्रशांत देवांगन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने तथा नगरवासियों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, मंडल महामंत्री छोटू यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, धीरज जैन, नेता प्रतिपक्ष सचिन जैन, माया सलूजा, नीरज शर्मा, अनूप तिवारी, सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव, पार्षद गण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।





# प्रदेश में फिलहाल स्थानीय प्रभाव का भरोसा, निकली धूप तो बढ़ेगी उमस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में फिलहाल किसी तरह की हलचल नहीं है, इसलिए प्रदेश में बारिश स्थानीय सिस्टम के भरोसे हो गयी है। राजधानी में बुधवार को दिनभर काले बादल तो छाए रहे, लेकिन बात बूंदाबांदी से आगे नहीं बढ़ी। शहर का तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक है। आने वाले दिनों में धूप निकलने से उमस वाली बेचैनी बढ़ सकती है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा का दौर रहा। यह गतिविधि भी सरगुजा और बस्तर इलाकों से संबंधित रही। विशेषज्ञों का तर्क है कि राज्य में सप्ताहभर वर्षा की गतिविधि वातावरण में मौजूदा नमी और गर्म हवा की वजह से तैयार होने वाले स्थानीय सिस्टम की वजह से हो सकती है। अभी मौसम तंत्रिका को सक्रिय करने वाला कोई सिस्टम बंगाल की खाड़ी में नहीं है, इसलिए आने वाले दिनों में व्यापक रूप से बारिश होने के चांस बेहद कम हैं। बुधवार को राजधानी के ऊपर काले बादल छाए रहे, मगर यह बूंदाबांदी जैसी स्थिति में सिमटकर रह गए। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा है। पर्याप्त मात्रा में बारिश होने की वजह से जुलाई में तापमान ज्यादा तो नहीं चढ़ेगा, मगर उमस भरी गर्मी लोगों को जरूर प्रभावित करेगी। अभी सीजनल द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से उत्तर पूर्व बांग्लादेश तक विस्तारित है। एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है। गुरुवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है।

# आरसेटी में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, बलौदाबाजार द्वारा जिले की बेरोजगार युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर/" प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं आरसेटी निदेशक शिव कुमार कंवर ने किया । इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पोषाक वितरण किया। उन्होंने कहा कि कौशल ही आत्मनिर्भरता की सबसे बड़ी पूंजी है।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से पूरे समर्पण, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया तथा अर्जित कौशल का उपयोग कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की 30 युवतियां भाग ले रही हैं। 35 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ब्यूटी एवं वेलनेस क्षेत्र से संबंधित आधुनिक तकनीकों, व्यावहारिक कौशल, ग्राहक व्यवहार, उद्यमिता विकास तथा स्वरोजगार स्थापना संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाएंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा सकेंगी।

इस अवसर पर आरसेटी के फैकल्टी विक्टर कोशरिया, अमीश यादव, अरुण कुमार, जिला संसाधन केंद्र के फैकल्टी सुशील कुमार पाठक एवं पन्ना कन्नौजे उपस्थित रहे।

# अजा आयोग के सदस्य का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य मनोनीत होने के पश्चात दुर्गा माहेश्वर के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मण्डल पलारी द्वारा उनका स्वागत किया गया। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण रहा और सभी ने उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य रूप वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चन्द्राकर,ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, यशवर्धन वर्मा, तेजराम वर्मा, नंदकुमार वर्मा, शम्भू डहरिया, धीरज मिश्रा चरणदास तेहरवंश, रमेश धीवर, पवन वर्मा विजय कोसले संतोष वर्मा,मोहन साहू, संकेत वर्मा, निर्मला रजक, सनकुमार साहू,चुड़ामणी साहु,ओमप्रकाश ठाकुर, दीपक वर्मा, कृतराम वर्मा, हेमू जलहरे, रवि ध्रुव भीमलाल यादव, धर्मेंद्र चन्द्राकर राहुल चन्द्राकर, योगेश योगी वर्मा, राकेश खुंटे जगतारण कोसले, केशव साहू, हेमकुमार साहु, रोहित मिरी, रमेश टंडन, हेमकुमार साहु दतान, प्रदीप बघेल, मनीष दुबे, ओमेश वर्मा, पीकेन्द्र साय एवं भारी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## जेसीबी से खुदवाई नाली और निकलवाया पानी

# जलभराव की खबर पर जांच में पहुंचे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

**खबर का असर**



समीप ग्राम पंचायत अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में जलभराव की खबर प्रकाशित के बाद तहसीलदार पेखन टोंडरे सुबह स्कूल पहुंच कर पानी निकासी का जायजा लिया। सामने खड़े होकर जेसीबी से पानी निकासी के लिए नाली खुदवायी और पानी निकलवाया। ग्रामीणों को हिदायत दी कि यदि कोई व्यक्ति अपनी निजी स्वार्थ चलते खुदाई की गई नाली पतिन किया तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। स्कूल के साथ-साथ उपस्वास्थ्य केंद्र और वार्ड क्रमांक 19,20 इस जल भराव परेशान थे राहत की सांस ली। कुछ समय बाद जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टंडन ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर की निरीक्षण कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था होने तक हायर सेकंडरी स्कूल अहिल्दा में संचालित करने का आदेश प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा निर्देश दिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक घृत लहरे वार्ड पंच डाकेश्वर मानिकपुरी लीला राम साहू प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा ग्रामीण जगमोहन साहू मुकेश साहू मेश कुमार साहू हलधर साहू आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।





# सेवा सेतु केंद्र से राजस्व दस्तावेज प्राप्त करना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शासन की जनहितकारी पहल सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों के लिए त्वरित, पारदर्शी एवं सहज सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड भाटापारा के ग्राम सेंदरी निवासी रोहित कुमार टंडन ने सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से अपने मिसल एवं रकबा-खसरा की प्रति प्राप्त कर शासन की इस व्यवस्था की सराहना की है। रोहित कुमार टंडन ने बताया कि उन्हें राजस्व अभिलेखों की आवश्यकता थी,जिसके लिए उन्होंने सेवा सेतु केंद्र में ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के बाद उन्हें निर्धारित समय में ही आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो गए। उन्होंने कहा कि पहले ऐसे दस्तावेज प्राप्त करने के लिए तहसील कार्यालय और पटवारी के पास कई बार जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की अधिक आवश्यकता होती थी। अब सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से राजस्व से जुड़े दस्तावेज आसानी और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।उन्होंने इस जनहितकारी व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु केंद्र शासन और आमजन के बीच भरोसे का मजबूत माध्यम बन गया है तथा इससे लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता और समयबद्ध तरीके से मिल रहा है।

### सेवा सेतु संचालक और पंचायत सचिवों को दिया गया सेवा सेतु पोर्टल का प्रशिक्षण



बलौदाबाजार। सेवा सेतु पोर्टल में कुल 442 सेवाओं के विस्तार का विस्तृत प्रशिक्षण हेतु बुधवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेवा सेतु प्रबंधक,ग्राम स्तर के सचिव एवं संबंधित कार्यालय के कर्मचारी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड में नाम जोड़ना एवं हटाना, राजपत्र में नाम परिवर्तन हेतु आवेदन के साथ -साथ आय,जाति, निवास प्रमाण पत्र में लगने वाले दस्तावेजो की जानकारी दिया गया। ई जिला प्रबंधक, जिला समन्वयक (आधार सेवा), जिला ई डिस्ट्रिक्ट तकनीकी मैनेजर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।



## खबर संक्षेप

### जिला धोबी समाज की बैठक 12 जुलाई को सिंगारपुर मावली में

**अर्जुनी।** बलौदाबाजार जिला धोबी समाज का एक दिवसीय अतिआवश्यक बैठक 12 जुलाई को सुबह 11 बजे से सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक करेंगे। मीडिया प्रभारी कमलेश रजक ने अति आवश्यक बैठक में जिला धोबी समाज के समस्त पदाधिकारियों एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को उपस्थित होने की अपील की है।

### सड़कों पर लावारिश मवेशियों का डेरा



**पलारी।** ग्राम वटगन एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेसहारा मवेशियों की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। खुले में घूम रहे आवारा मवेशी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं राजमार्ग और प्रमुख सड़कों पर इनके जमावड़े से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन और रात के समय बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार अचानक मवेशियों के सामने आने से दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। स्थानीय निवासी मनोज वर्मा ने बताया कि जब तक गाय दूध देती है, तब तक उसकी देखभाल की जाती है, लेकिन दूध देना बंद होते ही कई लोग उन्हें खुला छोड़ देते हैं। यही कारण है कि बेसहारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों को गौठानों या सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने तथा जिम्मेदार पशुपालकों पर कार्रवाई करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रहें और सड़क दुर्घटनाओं पर भी रोक लग सके।

### मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने अभियान 12 हजार का ई चालान

रायपुर। शहर के प्रमुख मार्गो पर यातायात सुगम बनाने पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर टीम प्रहरी अभियान चलाया जा रहा है। इसमें मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा कर ठेला गुमटी रखने और सड़क पर सामान रखकर यातायात बाधित करने वालों पर कड़ाई बरती जा रही है। बुधवार को नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 6 नगर निवेश विभाग द्वारा यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में टिकरापारा पुजारी पार्क के पास मुख्य मार्ग पर अभियान चलाकर सड़क पर सामान रखने वाले 13 दुकानदारों का 12 हजार रुपए का ई चालान किया गया। अभियान चलाकर 6 ठेलों को हटाने एवं मार्ग को कब्जा मुक्त करने कार्रवाई की गई।

### निधन

**पलारी।** ग्राम पंचायत सीतापार के



भूतपूर्व सरपंच एवं सोसायटी अध्यक्ष रामनाथ यदु 85 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंत्योष्टि गृहग्राम सीतापार के स्थानीय मुक्तिधाम में की गई, जहां बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। वे परसराम यदु, गैंदराम यदु के पिता तथा गुलाब यदु, डोमार यदु के बड़े पिताजी थे।

### मेऊक सपहा

**पलारी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक



वार्ड नं 8 निवासी मेऊक सपहा 75 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे मेवालाल, शिक्षक डीपी सपहा के बड़े भाई तथा विष्णु, नारायण, उमाशंकर सपहा पिताजी थे।

## विकास : वार्ड 9 डाक पारा में नाली एवं सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

# नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से 25 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



नगर पंचायत के वार्ड 9 डाक पारा में लगभग 25 वर्षों से लंबित नाली एवं सीसी रोड निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग को मूर्त रूप मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू के प्रयासों एवं वार्ड पार्षद सुंदर साहू के सहयोग से निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में वर्षों से लंबित जनसमस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जा रहा है और नगर को स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ एवं सुव्यवस्थित बनाने के संकल्प के साथ विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

वार्डवासियों ने वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में कार्य प्रारंभ होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू एवं वार्ड पार्षद सुंदर साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. सुदीप मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं उपाध्यक्ष नगर पंचायत, सुंदर साहू पार्षद, नीरज साहू पार्षद, गुनी राम साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज, राजेंद्र श्रीवास एल्डरमैन नगर पंचायत कसडोल, हेमलाल साहू, राजेश साहू, वार्ड वासियों में शोभा यादव, रामकुमार साहू (गुरुजी), तेजकुमार पाठक, सुशील साहू, सुनील साहू, रामकुमार साहू, कोमल पाठक, बूटी साहू, शेषनाथ श्रीवास, घनश्याम श्रीवास, देवानंद श्रीवास, अभिजीत श्रीवास, मनोज पाठक, मन्नू साहू सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

### भूमिपूजन के साथ नाली निर्माण कार्य शुरू,

उक्त वार्ड में नाली के अभाव के कारण बरसात के दिनों में प्रत्येक वर्ष जल भराव की समस्या रहती थी। साथ घरों से गंदे पानी के निस्तारण के लिए कोई व्यवस्था भी नहीं थी, जिसे लेकर वार्डवासी कई बार शासन प्रशासन से शिकायत कर चुके थे, लेकिन अब उक्त कार्य का भूमिपूजन के साथ ही पूरे वार्ड में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जलभराव, आवागमन एवं स्वच्छता जैसी वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा तथा वार्ड के विकास को नई गति मिलेगी।

# अस्तित्व फाउंडेशन ने विश्रामपुर स्कूल को स्मार्ट पैनल प्रदान किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

ग्रामीण शिक्षा में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने विकासखंड सिमगा के ग्राम विश्रामपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को अत्याधुनिक स्मार्ट पैनल प्रदान किया। इस अवसर पर फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष अनुपम दीवान ने स्मार्ट पैनल का लोकार्पण किया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरणादायी संबोधन दिया।आज इस विद्यालय को यह स्मार्ट पैनल समर्पित करते हुए मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि उस ऋण का एक छोटा-सा हिस्सा लौटा पाने का सौभाग्य मुझे मिला है। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और तकनीक केवल ज्ञान प्राप्त करने के साधन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और स्वावलंबी भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने सभी छात्रों से बड़े सपने देखने, अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखने और अपने पैरों पर खड़े होने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से शत्रुघन देवांगन, आमिश मार्टिन, रॉबिंसन मैडम, नम्रता जोगी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष और समस्त शिक्षकगण ने अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के प्रति आभार व्यक्त किया।

### तकनीक आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

यह स्मार्ट पैनल विद्यालय में आधुनिक, इंटरैक्टिव एवं तकनीक-आधारित शिक्षण को नई गति देगा। यह पहल डिजिटल विभाजन को कम करने, ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक अवसरों में समानता स्थापित करने तथा गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने संबोधन में श्रीमती दीवान ने विश्रामपुर से जुड़ी बचपन की एक भावनात्मक स्मृति साझा करते हुए कहा, जब मैं छोटी थी, तब मेरे माता-पिता बिलासपुर जाते समय अक्सर विश्रामपुर में पानी पीने के लिए रुकते थे। इस गाँव के पानी का मुझ पर एक ऋण है।

# भाजपा लवन मंडल की संगठनात्मक बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लवन



विधानसभा प्रभारी एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ पर्यटन मंडल नीलू शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार आनंद यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर अजय राव का प्रभाव पूर्ण एवं प्रेरणादायी उद्बोधन एवं दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। इनके अलावा बैठक में लवन मंडल प्रभारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मीना बार्वे, जिला महामंत्री विजय यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ गिरधारी लाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, उपाध्यक्ष तोषकुमार यादव, महामंत्रीचंद्रभूषण वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दुर्गा पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, प्राधिकृत अधिकारी दुर्गेश वाजपेयी, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव वर्मा, मिडिया प्रभारी अमित वर्मा, नरेंद्र साहू एल्डरमैन दिलीप बंदे, गंगाराम कैवर्त्य, श्री राजेश्वरी, सम विवेक दास मानिकपुरी, नंदकिशोर साहू, महिपाल वर्मा, सोनाराम वर्मा, रमैया लाल यादव, भोलाराम प्रजापति, ऋषि कुमार वर्मा, विक्रम साहू, कृष्णा प्रसाद वर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष गजानन वर्मा, उमेंद्र रात्रे, मुकेश बंजारे, पीतांबर रजक, अश्वनी वर्मा, शंकर वर्मा, दिनेश यादव, घनाराम जोशी सहहज बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवानिवृत आरक्षक सालिक राम शॉल-श्रीफल से सम्मानित

**खरोरा।** रायपुर के सिविल लाइन थाना में पदस्थ आरक्षक सालिक राम वर्मा 30 जून को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने 38 वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में 4 जुलाई को उनके गृह ग्राम तारासिव में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन उनके चाचा रामाधार वर्मा एवं परिवार द्वारा किया गया। समारोह में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणों ने श्रीफल, शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर श्यामलाल वर्मा, रामाधार वर्मा, विश्राम वर्मा, विशेषर वर्मा, गोवर्धन वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सालिक राम वर्मा की कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुकरणीय सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका सेवाकाल युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।



# हाईस्कूल मल्दी में 28 छात्राओं को मिली साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुनी

भाटापारा विकासखंड अंतर्गत हाईस्कूल मल्दी में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वी के 28 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच भारती राकेश वर्मा एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। साइकिल वितरण कार्यक्रम में सरपंच भारती राकेश वर्मा ने कहा कि छात्राओं को साइकिल मिलने से आने-जाने में सुविधा होगी। अब कोई भी गरीब छात्राएं शिक्षा से वंचित नहीं रहेगी। वहीं निःशुल्क मिलने वाली साइकिल योजना को पालकों द्वारा सराहना की गई। इस अवसर में शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य दुर्गा वर्मा, रामाधार वर्मा, भरत साहू, शिवचरण ध्रुव, ओम प्रकाश साहू, दीपक वर्मा, चीनू वर्मा, प्रमिला वर्मा, प्राचार्य एस के भसगौरी, शिक्षक पीके सोनी, एल आर गोंड, एमके साहू माया वर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## नीम, कटहल के अलावा कुल 150 पौधे लगाए गए

# कृषि महाविद्यालय में मनाया गया पौधारोपण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा



दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, भाटापारा में अधिष्ठाता डॉ. एचएल सोनबोइर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई द्वारा 1 से 7 जुलाई तक महाविद्यालय में पौधारोपण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न चयनित क्षेत्रों में स्वयंसेवकों, छात्रों, समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। सप्ताहभर के इस कार्यक्रम में नीम, कटहल के अलावा कुल 150 पौधे लगाये गए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओं हरियाली ही खुशहाली जैसे प्रेरणादायीं नारों के माध्यम से पौधारोपण जागरूकता अभियान चलाया गया। अंतिम दिवस 7 जुलाई को कुल 55 पौधें रोपित किये गए तथा छात्रों ने पौधारोपण विषय पर पोस्टर बनाए। कार्यक्रम के समापन में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने छात्रों को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि वृक्ष हमें प्राण वायु प्रदान करने के साथ साथ मृदा एवं जल संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिम्मेदार बनने तथा जीवन में अपने आस पास के खुले स्थानों में अधिक से अधिक पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

